अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 15 नवंबर 2025

PAGE NO :VIII MIDDLE

सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2025 एकतत्वम का आगाज

बरेली (वि)। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2025 एकतत्वम का उद्घाटन हुआ। शतिक सभागार में आयोजित समारोह में श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन व अध्यक्ष देव मूर्ति ने महोत्सव के आरंभ की घोषणा की। देवमूर्ति ने कहा कि आई (मैं) अहम और इलनेस को दर्शाता है, जबकि वी (हम) वेलनेस और एकता का प्रतीक है। महोत्सव के पहले दिन सभी कॉलेजों के विद्यार्थियों ने 10 सांस्कृतिक स्पर्धाओं में हिस्सा लिया, जिनमें मीम, सोलो सिंगिंग, ग्रुप डांस, मल्टी सीन और बैटल ऑफ बैंड्स जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इस दौरान रामायण और महाभारत के प्रसंगों पर बनी फाइन आर्ट्स कमेटी की गैलरी सभी के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सीईटीआर के पूर्व विद्यार्थियों ने पहुंचकर एलुमनाई मीट में अपनी यादें साझा कीं। उद्घाटन समारोह का संचालन वंशिका शर्मा और राहुल भट्ट ने किया। शनिवार को स्केचिंग और डीजे नाइट के साथ इस महोत्सव का समापन होगा।